भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न सं. 219*

जिसका उत्तर सोमवार, 09 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है

मोटर-वाहनों की कुल बिक्री

219*. श्री प्रताप सिंह बाजवा:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत में विगत तीन वर्षों से आज की तारीख तक मोटर-वाहनों की कुल बिक्री का माह-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) भारत में विगत तीन वर्षों से आज की तारीख तक माह-वार कुल कितने मूल्य के मोटर-वाहनों की बिक्री हुई; और

(ग) विगत तीन वर्षों से आज की तारीख तक वर्ष-वार कितनी-कितनी मोटर वाहन विनिर्माण इकाइयाँ और सहायक उपकरण विनिर्माण इकाइयाँ बंद हो चुकी हैं?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री

(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

******

विवरण

राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. 219

'मोटर-वाहनों की कुल बिक्री' के संबंध में श्री प्रताप सिंह बाजवा द्वारा पूछे गए दिनांक 09.12.2019 के लिए राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. 219 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख): गत तीन वर्षों के लिए ऑटोमोबाइल बिक्री का माह-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:

सभी श्रेणियों के वाहनों की बिक्री (मिलियन में)			
माह	2016-17	2017-18	2018-19
अप्रैल	19.0	20.3	23.8
मई	18.5	20.4	22.8
जून	18.0	18.2	22.8
जुलाई	18.3	20.8	22.5
अगस्त	20.1	23.0	23.8
सितम्बर	22.6	24.9	25.8
अक्टूबर	22.0	21.6	24.9
नवम्बर	15.6	19.4	20.4
दिसम्बर	12.2	16.7	16.2
जनवरी	16.2	21.2	20.2
फ़रवरी	17.2	21.1	20.3
मार्च	18.8	22.2	19.1

गत तीन वर्षों के दौरान वाहनों की घरेलू बिक्री से उद्योग का कारोबार निम्नानुसार है:

वित्तीय वर्ष	**घरेलू ऑटो बिक्री से उद्योग का कारोबार (₹ करोड़ में)**
2016-17	4,15,811
2017-18	4,64,447
2018-19	4.90,849

*स्रोत: सोसाइटी ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सिआम)

(ग): गत तीन वर्षों में किसी ऑटोमोबाइल अथवा सहायक विनिर्माण यूनिटों को बंद किए जाने के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

******